का है अथवा उसका विचार इस प्रस्ताव को समाप्त करने का है; और

(घ) यदि सरकार का विचार इस प्रस्ताव को समाप्त कर देने का है, तो इसके क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) और (ख). जी, हां ।

(ग) और (घ). मूल प्रस्ताव यह था कि हिन्दुस्तान मशीन टूल्स की स्थापना चौथी पंचवर्षीय योजना में की जानी चाहिए तथा उसकी विस्तार योजनाओं के अंश के रूप में मशीनी औजार के एक कारखाने को उत्तर प्रदेश में लगाया जाना चाहिये । मशीनी औजारों की मांग में हाल ही में हुई कमी को देखते हुए इन विस्तार योजनाओं को स्थगित कर दिया गया है । इस बारे में कुछ और समय तक मांग के रुख को देख कर विचार किया जायेगा । आगे की कार्रवाई उसके पश्चात् ही की जायेगी ।

उत्तर प्रदेश में कारखाने

7254. **श्री राम चरण :**
श्री भोलहू प्रसाद :
श्री शिवचरण लाल :
श्री रामजी राम :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अन्य राज्यों की अपेक्षा उत्तर प्रदेश में कारखानों में काम करने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत बहुत कम है, यद्यपि भारत में अन्य किसी भी राज्य की तुलना में उत्तर प्रदेश की जनसंख्या अधिक है;

(ख) यदि हां, तो इस असमानता के क्या कारण है;

(ग) क्या चौथी योजना अवधि में उत्तर प्रदेश में और अधिक औद्योगिक परि-

योजनाएं स्थापित करके इस कमी को पूरा करने का सरकार का विचार है; और

(घ) यदि नहीं, तो ऐसा न करने के क्या कारण है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद): (क) से (घ). जानकारी इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

बरेली में तार फैक्ट्री

7255. **श्री शिवचरण लाल :**
श्री भोलहू प्रसाद :
श्री राम चरण :
श्री रामजी राम :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार बरेली में एक तार फैक्ट्री स्थापित करने का है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अब तक कितनी प्रगति हुई है ?

औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

चेकोस्लोवाकियाई ट्रैक्टरों के पुर्जों को जोड़कर ट्रैक्टर बनाने वाले कारखाने की स्थापना

7256. **श्री शिवचरण लाल :**
श्री भोलहू प्रसाद :
श्री राम चरण :
श्री रामजी राम :

क्या **औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चैकोस्लोवाकियाई ट्रैक्टरों के पुर्जों को जोड़कर ट्रैक्टर